**मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**26, किसान भवन , अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011**

क्र./मंडी/बोर्ड/प्रांगण-योजना/पी.एम.कृ..यो./2025/1935 भोपाल, दिनांक 09/10/2025

**:-कार्यवाही विवरण :-**

संयुक्त सचिव (कृषि विपणन प्रभाग) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 09/10/2025 को विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गयी, जिसमें सभी राज्यों के कृषि विपणन बोर्ड एवं विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में माननीय प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार द्वारा कृषि विभाग के प्रमुख नवाचारों के संबंध में कृषकों को जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 11/10/2025 को आयोजित कार्यक्रम की रुपरेखा पर चर्चा की गई।

बैठक में म.प्र. की कृषि उपज मण्डी समितियों के संबंध में प्राप्त निर्देशानुसार कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है-

1. प्रत्येक मंडी समिति में प्रोजेक्टर/एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाना है।
2. प्रत्येक मंडी समिति से अधिक से अधिक किसान एवं कम से कम 200 किसानों को कार्यक्रम में जुड़ने के निर्देश प्राप्त हुए है।
3. मंडी समितियों में आयोजित कार्यक्रम की कम से कम 2 या 2 से अधिक फोटो, उसी दिन उपलब्ध कराई जाने वाली लिंक के माध्यम से अपलोड किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है।
4. समस्त मंडी समितियां/संयुक्त संचालक, ऑचलिक कार्यालय, कार्यक्रम समाप्ति उपरांत 30 मिनट के भीतर लिंक पर रिपोर्टिंग करते हुए रिपोर्टिंग की एक प्रति मुख्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त कार्यवाही के साथ कार्यक्रम को उत्तम एवं सफल बनाने के निर्देश के साथ बैठक संपन्न की गई।

अपर संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र./मंडी/बोर्ड/प्रांगण-योजना/पी.एम.कृ..यो./2025/1976 भोपाल, दिनांक 09/10/2025

**प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए अग्रेषित।**

1. निज सहायक प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
2. अपर संचालक/ संयुक्त संचालक (समस्त) म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
3. उप संचालक/संयुक्त संचालक, आंचलिक कार्यालय, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड (समस्त)।
4. अधीक्षण यंत्री, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
5. उपसंचालक/सहायक संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
6. भारसाधक अधिकारी/सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति...........जिला.......(समस्त)

अपर संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल